**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 890**

**07 फरवरी,2023 को उत्तर के लिए नियत**

## इलेक्ट्रिक बसों के लिए अनुमोदन

**890. श्री राजन बाबूराव विचारे:**

क्या **भारी उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) : केन्द्र सरकार द्वारा ठाणे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन स्थानीय स्वशासनों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा भारत में (हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण) योजना (फेम इंडिया) योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी दी गई है;

(ख) : उक्त बसें उपलब्ध कराने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) : अनुमोदन के लंबित होने की स्थिति में विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क) से (ग) : भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फेम इंडिया) स्कीम के चरण-। के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में 95 इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड बसें (बेस्ट मुंबई के लिए 40 ई-बसें, नवी-मुंबई के लिए 30 ई-बसें और एमएमआरडी के लिए 25) तैनात की गई हैं। साथ ही, फेम इंडिया स्कीम, चरण-।। के अंतर्गत 690 इलेक्ट्रिक बसें संस्वीकृत की गई हैं। दिनांक 02.02.2023 की स्थिति के अनुसार, 690 इलेक्ट्रिक बसों में से 490 इलेक्ट्रिक बसें तैनात की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, फेम इंडिया स्कीम, चरण-।। में राज्य सरकारों को सार्वजनिक परिवहन के प्रयोजन से संस्वीकृत ई-बसों के लिए प्रोत्साहन देकर विद्युतीकरण हेतु सहायता प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। फेम-।। स्कीम को जून, 2021 में नवरूपित किया गया था ताकि इसकी बिक्री में वृद्धि हो और इसमें ई-बसों के लिए एकत्रीकरण(एग्रीगेशन) मॉडल को अपनाया गया है।

***